प्राचार्या का संदेश

प्रिय छात्राओं,

सत्र 2021–2022 की गतिविधियों तथा छात्राओं की लेखन क्षमता को प्रदर्शित करने वाली कॉलेज पत्रिका ''जिजीविषा'' एक सशक्त माध्यम है जो छात्राओं में एक आत्मविश्वास जगाती है ताकि वे अपने विचार तथा अपने भावों को मूर्त रूप प्रदान कर सकें। सत्र 2021–2022 में कॉलेज में अनेक गतिविधियाँ सम्पन्न हुईं। छात्राओं में कौशल क्षमता के विकास को भी पत्रिका में देखा जा सकता है। सर्वांगीण विकास हेतू जो प्रयास किए जा रहे हैं उनका भी वास्तविक चित्र कॉलेज पत्रिका में उपलब्ध है। समय के साथ–साथ छात्राओं में गुणों का विकास भी हुआ है तथा नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार पठन–पाठन की प्रक्रिया तथा व्यावसायिक शिक्षा को भी यह पत्रिका अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से दर्शाती है।

जीवन निरन्तरता का दूसरा नाम है। निरन्तरता हमेशा बनी रहनी चाहिए। रूकने का नाम ही जीवन को संकट की स्थिति पर ला सकता है। अतः जीवन में प्रयास लगातार करते रहना चाहिए, सफलता अवश्य प्राप्त होगी।

जीवन में सुख–दुःख सब कुछ साथ–साथ चलता है। अतः समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना चाहिए। छात्राओं से मैं अपेक्षा करती हूँ कि वे अपने जीवन में हमेशा सकारात्मक सोच को बनाये रखेंगी तथा निरन्तरता से जीवन में आगे बढ़ती रहेंगी। ईश्वर सदा आपके प्रयासों को सफल बनाते रहें, यही मेरी कामना व प्रार्थना है।

डॉ. सिस्टर क्रिस्टीना